# मध्यप्रदेश, माध्यमिक शिक्षा मण्डल

शिवाजी नगर, भोपाल पिन–462011

दूरभाष क्रमांक 0755-2578594 E-mail- mpbsevk@gmail.com


क्रमांक / 794 / वि.प्रशि.केन्द्र / 2026 भोपाल, दिनांक 04 / 11 / 2026

## – विज्ञापन –

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा 01 जनवरी से 31 दिसम्बर 2027 तक हेल्पलाइन सेवा के संचालन हेतु अनुभवी एवं पात्र परामर्शदाताओं से पारिश्रमिक आधार पर आवेदन पत्र आमंत्रित हैं।

**आवश्यक योग्यता / अहर्ता –**

- मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि (UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त)।
- शालेय विद्यार्थियों की अकादमिक काउंसलिंग का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
- आवेदक की अधिकतम आयु 01 जनवरी 2027 की स्थिति मे 55 वर्ष से अधिक न हो।

आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप, चयन प्रक्रिया तथा कार्य की अन्य शर्तें मण्डल की वेबसाइट mpbse.nic.in पर उपलब्ध हैं एवं माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल स्थित विज्ञान केन्द्र कक्ष में कार्यालयीन समय पर भी देखी जा सकती हैं।

आवेदन–पत्र निर्धारित प्रारूप में माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल परिसर स्थित डाक कक्ष अथवा विज्ञान केन्द्र कक्ष मे अन्तिम तिथि दिनांक **30 / 11 / 2026** तक कार्यालयीन समय मे जमा किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात तथा अपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नही किया जावेगा।

पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार संबंधी सूचना ई–मेल द्वारा दी जावेगी। चयनित परामर्शदाताओं को मण्डल परिसर, भोपाल मे उपस्थित रहकर हेल्पलाइन सेवा का कार्य सम्पादित करना होगा।

**दूरभाष क्रमांक – 0755 - 2578594**

सचिव

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

## हेल्पलाईन सेवा–2027 काउंसलर्स की सेवा–शर्ते

1. **कार्य एवं शर्ते –**

1.1 चयनित काउंसलर्स को निर्धारित दिनांक तक मण्डल की हेल्पलाइन सेवा ज्वाइन करना अनिवार्य है। नियत तिथि तक ज्वाइन न करने की स्थिति मे संबंधित काउंसलर का चयन निरस्त किया जाकर वरीयता क्रम अनुसार रिज़र्व काउंसलर को कार्यरत काउंसलर के रूप मे चयनित किया जा सकेगा।

1.2 काउंसलिग कार्य हेतु मण्डल में स्वीकृत दर अनुसार रू. 215/– प्रति घन्टे की दर से मानदेय देय होगा, जो प्रतिमाह कार्य में उपस्थिति के आधार पर गणना कर सीधे संबंधित काउंसलर के बैंक खाते में जमा किया जावेगा।

1.3 परामर्शदाताओं द्वारा अन्य विभाग/कार्यालय/स्कूल आदि में कार्यरत होने की दशा में उस विभाग के नियोक्ता से कार्यरत समय के उल्लेख सहित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें।

1.4 चयनित उम्मीदवार को प्रातः 8.00 बजे से रात्रि 8.00 के मध्य 04–04 घन्टे की आवंटित पारी में अपनी सेवायें मण्डल परिसर मे उपथित रहकर देनी होंगी जो आवश्यकतानुसार समय–समय पर रोटेशन पद्धति से परिवर्तित की जा सकेंगी। मण्डल के निर्धारित कार्यक्रम अनुसार कार्य/समय मे सेवाएं देने से इंकार किये जाने पर सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी।

1.5 कार्यरत एवं रिज़र्व कांउसलर्स का कार्य संतोषजनक न पाये जाने अथवा किसी कार्यरत काउंसलर द्वारा हेल्पलाइन सेवा छोडने की स्थिति मे रिज़र्व सूची से वरीयता क्रम अनुसार रिज़र्व काउंसलर को कार्यरत काउंसलर के रूप मे चयनित किया जावेगा।

1.6 रिज़र्व काउंसलर्स द्वारा लगातार सेवा देने से इंकार करने की स्थिति मे उनको सेवा से पृथक कर वरीयता क्रम अनुसार अगले काउंसलर को रिज़र्व काउंसलर के रूप मे चयनित किया जावेगा।

1.7 अपरिहार्य/अतिआवश्यक कार्य होने पर पूर्व सूचना/अनुमति प्राप्त की जाना आवश्यक है। बिना पूर्व सूचना/अनुमति के लगातार एवं अधिक समय तक हेल्पलाइन सेवा से अनुपस्थित रहने के कारण हेल्पलाइन सेवा प्रभावित होने की स्थिति में संबंधित काउंसलर की सेवाएं समाप्त करने की कार्यवाही की जा सकेगी।

1.8 समस्त काउंसलर्स को मण्डल द्वारा दिये जाने वाले उन्मुखीकरण कार्यक्रमों में सम्मिलित होना अनिवार्य है, अन्यथा संबंधित काउंसलर की सेवाएं समाप्त की जा सकेंगी।

1.9 चयनित उम्मीदवारो द्वारा रूपये 200/– के स्टाम्प पेपर पर मण्डल द्वारा निर्धारित प्रारूप अनुसार टंकित शपथ–पत्र प्रस्तुत किया जाना है, साथ ही बैंक विवरण, फार्म–15 G एवं पेन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां जमा करें। प्रत्येक वित्तीय वर्ष हेतु इन्कम टेक्स रिर्टन जमा कर उसकी छायाप्रति मण्डल को प्रस्तुत करें।

1.10 साक्षात्कार हेतु आमंत्रित उम्मीदवार अपने साथ अपने समस्त मूल दस्तावेज (अंकसूचियां एवं प्रमाण पत्र आदि) सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित होगें।

2. **काउंसलर्स की शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्ताएं –**

- मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि (UGC से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों द्वारा प्रदत्त)
- अकादमिक काउंसलिंग का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है।
- आवेदक की अधिकतम आयु 01 जनवरी 2027 की स्थिति मे 55 वर्ष से अधिक न हो।

.....2

3. कांउसलर्स के चयन हेतु मूल्यांकन के मापदण्ड एवं अंक निर्धारण –

| स.क्र | योग्यता एवं अनुभव | निर्धारित अंक (कुल 100) |
|---|---|---|
| 1 | मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त। | 60 अंक<br>(अंकसूची मे प्राप्त प्रतिशत अंकों का 60 प्रतिशत) |
| 2 | **(PGDGC)** पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एवं काउंसलिंग **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त / **DCGC** डिप्लोमा कोर्स इन गाइडेंस एण्ड काउंसलिंग **NCERT** द्वारा प्रदत्त। | 10 अंक |
| 3 | डिग्री / पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर्स **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त। | 10 अंक |
| 4 | काउंसलिंग प्रस्तुतीकरण | 10 अंक |
| 5 | साक्षात्कार | 10 अंक |

3.1 पात्र उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाकर समिति से अनुमोदन उपरान्त पात्र उम्मीदवारों को साक्षात्कार हेतु आमंत्रित किया जावेगा जिसकी सूचना ई–मेल के माध्यम से पात्र उम्मीदवारो को दी जावेगी।

3.2 किसी भी स्थिति मे मण्डल हित में निर्णय का अधिकार सचिव, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल को होगा जो की अन्तिम एवं बन्धनकारी होगा।

सचिव
माध्यमिक शिक्षा मण्डल,
म.प्र. भोपाल

# मध्यप्रदेश, माध्यमिक शिक्षा मण्डल

शिवाजी नगर, भोपाल पिन–462011
दूरभाष क्रमांक 0755-2578594 E-mail- mpbsevk@gmail.com

## हेल्पलाइन सेवा–2027 हेतु आवेदन–पत्र

फोटो चस्पा करें

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | नाम (हिन्दी) | | |
| 2 | **Name in English Capital Letters** | | |
| 3 | पिता/पति का नाम | | |
| 4 | जन्म तिथि (हाईस्कूल की अंकसूची अनिवार्यतः संलग्न करें।) | | |
| 5 | पता | | |
| 6 | फोन | मोबाइल – | निवास – |
| 7 | बैंक संबंधी जानकारी | **Name of Bank**<br>**Account No.** | **IFSC** |
| 8 | पेन नम्बर | **PAN No -** | |
| 9 | ई–मेल | | |
| 10 | अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता एवं अर्हता | | |
| | 1. एम.ए.मनोविज्ञान | उत्तीर्ण वर्ष<br>कुल पूर्णांक/प्राप्तांक | परिणाम<br>प्रतिशत |
| | 2. शालेय विद्यार्थियों की अकादमिक काउंसलिंग का अनुभव (न्यूनतम 02 वर्ष) | कुल वर्ष – | |
| 11 | **PGDGC**- पी.जी. डिप्लोमा इन गाइडेन्स एण्ड काउंसलिंग **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त/**DCGC** डिप्लोमा कोर्स इन गाइडेंस एण्ड काउंसलिंग **NCERT** द्वारा प्रदत्त। | उत्तीर्ण वर्ष<br>कुल पूर्णांक/प्राप्तांक | परिणाम<br>प्रतिशत |
| 12 | डिग्री/पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर्स | | |
| 13 | अन्यत्र कार्यरत हैं अथवा नही | | |

नोट–

1. जन्म तिथि हेतु हाईस्कूल की अंकसूची, कार्यानुभव एवं अन्य शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूची/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां आवश्यक रूप से संलग्न करें। समस्त डिग्री एवं डिप्लोमा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से होना अनिवार्य है।
2. नियोक्ता का प्रमाणीकरण आवश्यक होने की दशा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।
3. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप मे अन्तिम तिथि 30/11/2026 तक कार्यालयीन समय मे माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल परिसर स्थित डाक कक्ष अथवा विज्ञान केन्द्र कक्ष में जमा किये जा सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात तथा अपूर्ण प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार हीं किया जावेगा।

(आवेदक के हस्ताक्षर)

## नियोक्ता का प्रमाणीकरण

आवेदक का नाम .....वर्तमान में संस्था .....में पद ..... पर कार्यरत हैं। इनका कार्य–समय .....है। इनका चयन मण्डल हेल्पलाइन सेवा में होने की दशा में इस संस्था/कार्यालय को किसी प्रकार की आपत्ति नही है।

(हस्ताक्षर एवं सील)

# माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश, भोपाल

## हेल्पलाइन सेवा 2027

### कांउसलर्स की शैक्षणिक योग्यता एवं अहर्ताएं–

| अनिवार्य | अतिरिक्त |
|---|---|
| **1. शैक्षणिक योग्यता –**<br>मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त।<br>**2. अकादमिक काउंसलिंग अनुभव –**<br>अकादमिक काउंसलिंग का न्यूनतम 02 वर्ष का अनुभव अनिवार्य है।<br>**3. आयु –**<br>आवेदक की अधिकतम आयु 01 जनवरी 2027 की स्थिति मे 55 वर्ष से अधिक न हो। | 1. **(PGDGC)** पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एवं काउंसलिंग **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त/**DCGC** डिप्लोमा कोर्स इन गाइडेंस एण्ड काउंसलिंग **NCERT** द्वारा प्रदत्त।<br>2. **डिग्री/पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर्स UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त। |

### काउंसलर्स के चयन हेतु मूल्यांकन के मापदण्ड एवं अंक निर्धारण –

| स.क्र | योग्यता एवं अनुभव | निर्धारित अंक **(कुल 100)** |
|---|---|---|
| 1 | मनोविज्ञान विषय मे स्नातकोत्तर उपाधि **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त। | **60 अंक**<br>(अंकसूची मे प्राप्त प्रतिशत अंकों का **60** प्रतिशत) |
| 2 | पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एवं काउंसलिंग **(PGDGC) UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त/**DCGC** डिप्लोमा कोर्स इन गाइडेंस एण्ड काउंसलिंग **NCERT** द्वारा प्रदत्त। | **10 अंक** |
| 3 | डिग्री/पी.जी. डिप्लोमा इन कम्प्यूटर्स **UGC** से मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त। | **10 अंक** |
| 4 | काउंसलिंग प्रस्तुतीकरण | **10 अंक** |
| 5 | साक्षात्कार | **10 अंक** |